तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 आईटीएमएस पहुंचे निगम आयुक्त, सीसीटीवी कैमरों से ...



11 विजन डाक्यूमेंट तैयार करने मिले सैकड़ों ...




## खबर संक्षेप

### नवोदित व्याख्याकार, संगीतकार व उद्घोषकों के लिए कार्यशाला

**बेमेतरा।** जिला मानस संघ के तत्वावधान में आदर्श ग्राम मटका में नवोदित व्याख्या कार संगीतकार एवं उद्घोषक के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। मानस मण्डली के सदस्य देवलाल सिन्हा ने बताया कि कार्यशाला में जिलेभर की मंडलियां सम्मिलित होंगी। इस दौरान मानस के वरिष्ठ व्याख्या कारो द्वारा मानस मंचों में श्री चरित मानस मंचों आदर्श व्याख्या की कार्यस्वरूप के बारे में बताया जाएगा।

### लिमतरा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को

**अंडा।** 21 जुलाई को श्री भागवत आश्रम परिसर लिमतरा में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संत श्री निरंजन जी महाराज के सान्निध्य में श्री गुरुगीता पाठ प्रातः 8 बजे से माँ अन्नपूर्णा पूजन प्रातः 9 बजे से श्री व्यास पूजन, गुरु पूजन प्रातः 10 बजे से महाभोग, प्रसादी वितरण पूजन, प्रातः 11 बजे से अनवरत हवनादिक कार्यक्रम अपरान्ह 12 बजे से सत्संग, भजन कीर्तन दोपहर 1 बजे से दीक्षा कार्यक्रम संध्या 6 बजे से किया जाएगा।

### मोटर पंप केबल चोरी से किसान परेशान

**लाटाबोड़।** मोटर चोर के आतंक के कारण बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भेंगारी के किसानों की नींद हराम हो गई है। कृषक टोमन साहू हीरामन साहू रामगुलाल ठाकुर नरेंद्र साहू दीनदयाल साहू लतेलु साहू ने बताया कि ग्राम से लगे बिरेतरा भेंगारी पसौद खार के खेतों में लगे मोटर पंप केबल वायर स्टार्टर सर्विस तार की अज्ञात चोर पिछले तीन सालों से चोरी करते आ रहे हैं। वहीं, दो साल पहले पुराना पंचायत में रखे नए मोटर की चोरी कर ली, जिसका पता आज तक नहीं चला। लेकिन चोर लगातार मोटर पंप की चोरी कर खेती को चौपट करने में लगे हैं। चोर अलग-अलग जगहों से अब तक दर्जनों मोटर पंप की चोरी कर चुके हैं। वहीं, दूसरी ओर आश्चर्य की बात यह है कि ग्राम के किसी भी किसान ने आज तक पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

### ग्राम पंचायत खुटेरी (अचौद) में गहराई पेयजल की समस्या

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत खुटेरी (अचौद) में इन दिनों पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव में बोर मोटर पंप का जल स्तर नीचे चले जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। बारिश के दिन व आषाढ़ मास के महिनों में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने से ग्रामीणजन चिंतित हैं। यहाँ पंचायत का शासकीय एक ही बोर है, जिसका जल स्तर नीचे गिर जाने से नलों से पानी आपूर्ति बंद हो गई है।

# समय के साथ बढ़ी मजदूरी, अब बीज की कीमतों ने भी बढ़ाई खेती की लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भले ही धान का समर्थन मूल्य इस बार प्रति क्विंटल 3100 कर दिया गया है, लेकिन दूसरी तरफ बीज निगम ने किसानों को महंगी बीज बेचने की इस बार पूरी तैयारी भी कर ली है। बीज निगम ने इस बार धान सहित दलहन तिलहन सोयाबीन सहित सभी बीजों के दाम में एक तरफ बढ़ोतरी कर दी गई है जिसके चलते खेती किसानी इस बार महंगी हो जाएगी।

वर्तमान में किसान खरीफ सीजन की बुवाई में जुटा हुआ हैं। बीज निगम द्वारा समिति में बीच का भंडारण किया जा रहा है। इस बीच किसान बीच खरीदने पहुंच रहे हैं तो उन्हें बड़े हुए दाम का पता चल रहा है किसानों का कहना है कि इस बार बीज निगम ने ज्यादा ही बीच के दाम बढ़ा दिए हैं।


बीज के साथ ही ट्रैक्टर ,रोपाई और मजदूरी के दर भी बढ़ गए हैं, इसके अलावा फसल में उपयोग होने वाली दवाइयां की कीमतों में भी इस बार निजी कंपनियों ने पिछले साल के मुकाबले 15 फ़ीसदी की बढ़ोतरी कर किसानों को चिंता में डाल दिया है। बीज निगम ने तो प्रत्येक बीज के दाम में 500 सौ रुपए प्रति क्विंटल से अधिक बढ़ोतरी कर दी है।

## बीज निगम ने बढ़ाई बीजों की कीमत

### डीएपी नहीं मिल रही

मानसून सक्रिय होते ही खाद के उठाने तेजी आ गई है लेकिन किसानों को उनके मनमाफिक खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों की पहली पसंद डीएपी खाद रही है किसान डीएपी खाद के लिए समिति और खुले बाजार के चक्कर काट रहे हैं, वही डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद की आपूर्ति बड़े पैमाने पर की जा रही है किसानों की मांग पर उन्हें डीएपी की जगह एनपीके या ग्रोमोर खाद लेने की सलाह दी जा रही है। डीपी खाद कब तक आएगा इसको लेकर समिति या निजी कृषि केदो में को भी जवाब नहीं है। जिससे माना जा रहा है कि अन्य खाद्य के बिक्री को बढ़ाने के लिए डीएपी खाद का कृत्रिम संकट बनाया जा रहा है। डीएपी खाद लेने बाजार पहुंचने वाली किसानों को मजबूरन एनपीके या ग्रोमोर खाद लेना पड़ रहा है।

### पांच हजार की रोपाई सात हजार तक पहुंची



किसानों ने बताया कि पिछले साल प्रति एकड़ में धान की रोपाई 5 हजार में हो जाती थी लेकिन इस बार रोपाई बढ़कर 7 हजार तक पहुंच गया है। इसी तरह ट्रैक्टर प्रति घंटे की जुताई के लिए 800 लेते थे वह अब 1000 पहुंच गया है। वहीं, मजदूरी ढाई सौ से साढे 300 तक पहुंच गया है जिसमें हार्वेस्टर से कटाई प्रति घंटे 2000 के लगभग हो गया है। इसके अलावा खेत से फसल काट कर ले जाने और कटाई करने के बाद बाजार तक पहुंचने में किसानों को अतिरिक्त भाड़ा का वहन करना पड़ता है इस तरह महंगाई का चौथातरफा भार किसानों पर पड़ता है ।

### बीज के बढ़े दाम को ऐसे समझें

| किस्म | - 2030 | - 2024 | - अंतर |
|---|---|---|---|
| धन मोटा | - 2688 | - 3264 | - 576 |
| धान पतला | - 2880 | - 3744 | - 864 |
| धान सुगंधित | -3264 | - 4320 | - 1086 |
| उड़द | - 9840 | - 12 000 | - 2160 |
| मूंग | - 9696 | - 10752 | - 1056 |
| सोयाबीन | - 7776 | - 7812 | - 96 |
| मूंगफली | -9120 | - 11424 | -2304 |
| तिल | - 14112 | - 18528 | - 4416 |
| रामतिल | -10608 | -12480 | -1872 |
| ढैंचा | -8016 | -9504 | - 1488 |
| सनाई | -74 88 | - 11136 | - 3648 |

**समस्या :** जुलाई में विभाग ने थमाया लगभग दो गुनी राशि का बिल

# जून में भीषण गर्मी के साथ बढ़ी हुई दरों का भी मीटर घूमा, बिजली बिल देख उड़े होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जून माह में पड़ी भीषण गर्मी के बीच राज्य शासन द्वारा बिजली दरों में साढ़े आठ फीसदी की बढ़ोतरी किए जाने के चलते जुलाई माह में आए बिजली बिलों ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं । 15 सौ से 2 हजार तक का बिल आता था, उनके यहां इस माह 4 हजार से 6 हजार के बीच बिल पहुंच रहा है। यही नहीं बिजली बिल हाफ योजना का भी लाभ दिखाई नहीं दे रहा है। यही कारण है कि लोगों में जबरदस्त आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो रही है ।

- गर्मी में ज्यादा खपत के कारण बढ़ी हुई यूनिट के हिसाब से आया ज्यादा बिल

उल्लेखनीय है कि मई ओर जून माह में भीषण गर्मी का दौरा होने के कारण लोगों ने एसी और कूलर का भरपूर उपयोग किया था वैसे भी हर साल इन महीनों का बिल अपेक्षाकृत ज्यादा ही आता रहा है। लेकिन, इस बार राज्य शासन द्वारा बिजली के दरों में साढ़े आठ फीसदी का इजाफा किए जाने के कारण बिलों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है।

**नई बिजली दरों के कारण बढ़ा बिल**



### ये हैं नई दरें

गौरतलब है कि नए टैरिफ के मुताबिक घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, इसके अलावा कृषि पंपों के लिए भी विद्युत दर में इजाफा किया गया है कृषि पंपों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। कृषि उपभोक्ताओं को पहले 5.05 रुपए की दर से चार्ज लगता था जो अब 5.30 रुपए हो गया है ।इस तरह इसमें बिजली के दरों में 8.35 फ़ीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है इसके अलावा फिक्स्ड चार्ज भी 5 किलो वाट तक प्रति किलो वाट 20 रुपए है ,5 से 10 किलो वाट तक 30 प्रति किलो वाट , और 10 किलोवाट से ज्यादा लोड पर 40 प्रति किलो वाट की दर तय की गई है।

### भारी बिल से बिगड़ गया बजट

जुलाई माह में नए टैरिफ के अनुसार मिल रहे मनमाने बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। बताया जाता है कि बढ़ा हुआ बिल लेकर लोग सीएसईबी के दफ्तर में पहुंच रहे हैं और जांच की मांग भी कर रहे हैं। हालांकि अफसर उन्हें पिछले माह भीषण गर्मी और नए टैरिफ की जानकारी देकर वापस लौट रहे हैं। शहर के गौरवपथ में पान दुकान चलाने वाले दिनेश बताया कि उसकी पान दुकान का बिल 8 हजार रुपए के करीब आया है, जबकि 6 माह में भी इतना बिल नहीं आता। उन्होंने विद्युत विभाग जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

# उधार की रकम मांगने पर कर दी हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला मुख्यालय में बीते मंगलवार हुई हत्या को महज 12 घंटे में पुलिस ने सुलझाने सफलता हासिल कर ली। पुलिस को थाने में दर्ज हत्या के मामले की जांच में बड़ी कामयाबी पाते हुए दिनेश यादव के मर्डर के आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी ओमप्रकाश उर्फ रज्जु मण्डावी को न्यायिक रिमाण्ड में भेज दिया । दरअसल बेरला थाना में बीते 16 जुलाई को पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या हुई थी।

- बेरला मुख्यालय में बीते मंगलवार हुई हत्या की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

आरोपी ओमप्रकाश उर्फ रज्जु मण्डावी और मृतक दिनेश यादव उर्फ दीनू को विगत दस वर्षों से परिचित थे। इसी बीच दोनों के बीच पैसों का पुराना लेन-देन रहा है, क्योंकि 16 जुलाई की रात को वह अपने दोस्तों के साथ शराब दुकान से 100 मीटर की दूरी पर बैठकर शराब पी रहा था। तभी मृतक दिनेश यादव आकर आरोपी रज्जु से उधार के पुराने पैसे की मांग करने लगा। इस पर आरोपी रज्जु ने बार-बार मना किया लेकिन दिनेश नहीं मान रहा था और लगातार पैसे की मांग कर रहा था। इस पर आरोपी रज्जु ने तैश में आकर पास में रखे ईंट से मृतक दिनेश पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे दिनेश जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद लगातार जानलेवा वार करते हुए आरोपी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# महीनों से खुले गड्ढे में फंसा कार का पहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

कोदवा क्षेत्र में अज्ञात केबल कम्पनी द्वारा खोदे गए गड्ढे में आखिरकार कल शाम एक दुर्घटना हो ही गई। हालाँकि दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, किन्तु घटनाक्रम से शासन-प्रशासन की कार्यशैली व सक्रियता पर सवाल जरूर खड़ा हो गया।

- ग्राम कोदवा में हुई दुर्घटना, जेसीबी से निकाली जा सकी कार

दरअसल कोदवा के चौराहे चौक पर चारों ओर अज्ञात केबल कम्पनियों द्वारा दर्जनों गड्ढे दूर-दूर तक बिना कोई सुरक्षा व्यवस्था के सड़क किनारे खोद खोद कर खुला छोड़ दिया गया है। इसके कारण मुसाफिरों के लिए हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में हरिभूमि के स्थानीय बेमेतरा ज़िला संस्करण में खबर का प्रकाशन कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया था। लेकिन, समय रहते जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी का खमियाजा एक कार चालक को कोदवा से बेमेतरा मार्ग पर भुगतना पड़ा। जहां पर चौराहे से लगे कुछ मीटर दूर की सड़क किनारे अज्ञात केबल कम्पनी के खुले पड़े गड्ढे में कार फंस गई। ग्रामीणों के साथ मिलकर कार चालक ने काफी कोशिश की, फिर भी गड्ढे में फंसा कार का पहिया गड्ढे से बाहर नहीं आया। आखिरकार जेसीबी व अन्य माध्यम से कार को खिंचवाया गया, तब कहीं जाकर कार का पहिया गड्ढे से बाहर निकल पाया। इस संबंध में ग्रामजनों का कहना है कि कोदवा क्षेत्र में खुले पड़े गड्ढों पर कभी भी अनहोनी हो सकती है जिस पर जिम्मेदार अफसरों, जनप्रतिनिधियों को संज्ञान लेकर अज्ञात केबल कम्पनी वालो पर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि सड़क मार्ग पूर्णतः सुरक्षित हो।



# आंधी में उड़े शेड, महीनों बाद भी नहीं हुई मरम्मत, विद्यार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महात्मा गांधी वानिकी एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय अंतर्गत ग्राम मोहगांव (साजा) में स्थित हार्टिकल्चर कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में अव्यवस्थता की समस्या लेकर स्थानीय हरिभूमि के क्षेत्रीय अंक में समाचार के प्रकाशन के बावजूद अभी तक महाविद्यालय के अस्थायी बिल्डिंग के अंदर व्यवस्था व उचित इंतजाम नहीं हो पाई है। आलम यह है कि कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र बरसात के सीजन में बरसते पानी के बीच क्लास की पढ़ाई करने को मजबूर है। लिहाजा ऐसे माहौल में हार्टिकल्चर कॉलेज के छात्रों की पढ़ाई का वातावरण पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।चूंकि वर्तमान में कॉलेज का बया बिल्डिंग निर्माणाधीन है तो अस्थायी रूप से कृषि महाविद्यालय के पुराने बिल्डिंग को पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।ज्ञात हो कि पूर्व के समय क्षेत्र पर भयंकर आँधी- तूफान आने की वजह से अस्थायी कॉलेज बिल्डिंग का टिन का एक बड़ा हिस्सा हवा की बहाव में उड़कर नीचे गिर गया था। जिसे आज महीनों गुजर जाने के बाद कॉलेज प्रबंधन के पास उसे मरम्मत कराने समय एवं जरूरत के लायक फण्ड का इंतज़ाम नहीं हो पाया है, जिसके कारण आज भी हार्टिकल्चर के छात्र-छात्राएं अव्यवस्थाओं के बीच पढ़ने को मजबूर है। उल्लेखनीय है कि इस कॉलेज में पखवाड़े भर पूर्व समस्या की खबर लगने पर बेमेतरा कलेक्टर- रणबीर शर्मा अपने प्रशासनिक क़ाफ़िले के साथ दौरे पर आए जहाँ उन्होंने छात्रों से बात कर व्यवस्था का स्वयं निरीक्षण व अवलोकन किया था, एवं समस्याओं पर तत्काल व्यवस्था की बात कही थी। इस संबंध में छात्रों का कहना है कि आगामी दिनों में अगर इस समस्या पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान नहीं जाएगा तो हमारे द्वारा स्वयं आवेदन के माध्यम से अधिष्ठाता व अन्य अफसरों को शिकायत किया जायेगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कॉलेज के डीन सहित अन्य शिक्षक स्वयं ही ज़िला प्रशासन के आदेश एवं दिशानिर्देश के उलट दूर-दराज के शहरों से आते है, जो कि काफी समय के साथ खर्चीला भी है। जबकि ▶▶| शेष पेज 11 पर

- मोहगांव के वानिकी महाविद्यालय में अव्यवस्था



**श्री लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह बारगांव की अभिनव पहल**

# शहर की तर्ज पर बारगांव में हो रहा कचरे का कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

गाड़ी वाला आया, घर से कचरा निकाल .., लाउडस्पीकर पर गूंजता यह गीत शहर में लगभग रोज ही लोगों को सुबह में सुनाई देता होगा। लेकिन, अब यही गीत बेरला जनपद की बारगांव ग्राम पंचायत में भी बज रहा है। श्री लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह बारगांव द्वारा अब प्रत्येक रविवार व बुधवार को कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 17 जुलाई से हो गई है। गांव में कचरा कलेक्शन के लिए चार रिक्शे उपलब्ध हैं।

कचरा रिक्शा आते ही गांव की महिलाएं व पुरुष घरों से डस्टबिन लेकर बाहर दरवाजे की तरफ निकल पड़ते हैं। चूंकि इस गांव में इसी साउंड के साथ कूड़ा कलेक्शन करने वाली रिक्शा घूमती हैं। गांव के लोग उसी में कूड़ा डालते हैं। इधर-उधर नहीं फेंकते हैं। तभी तो यह गांव दूसरे गांवों से जुदा और शहरों की पाश कालोनियों की तरफ साफ-सुथरा बन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ता नजर आ है। हिदू-मुस्लिम करीब आठ हजार की आबादी वाली यह ग्राम पंचायत साफ-सफाई के मामले में मिसाल कायम कर रही है। गांव से दूर डंपिग ग्राउंड पर डंप किया जाता है। इससे किसी को कोई दिक्कत नहीं है। इस सुविधा का पूरा गांव लाभ उठा रहा है। दिन निकलने पर गाडी में लगे लाउडस्पीकर पर गीत गूंजता है, गाड़ी वाला आया, घर से..। इसके बाद घरों के लोग एलर्ट होकर कूड़े की डस्टबिन इत्यादि लेकर घरों के बाहर निकल आते हैं।



### श्री लक्ष्मी समूह में ये महिलाएं कर रही काम

श्री लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह बारगांव में अध्यक्ष गायत्री साहू, सचिव तोसुलोचन चौधरी, सुनीता निषाद, राधा निषाद, सावित्री वर्मा, रेवती निषाद, राधिका यादव, दशोदा यादव, सुमित्रा निषाद, प्रतिमा निर्मलकर, कृष्णा पाठक, सुमन सिवारे, प्रमिला यादव, मंजू साहू शामिल है। अब ये समूह ग्राम पंचायत बारगांव के 20 वार्डों के कचरा कलेक्शन की जिम्मेदारी संभालेगी।

### अब गांव भी स्वच्छ और सुन्दर बन सकेंगे : नरेंद्र वर्मा

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अन्तर्गत ग्राम बारगांव में घर-घर कचरा संग्रहण व निस्तारण योजना का शुभारंभ बुधवार को किया गया। भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि शहरों की तर्ज पर गांव में भी सूखा एवं गीला कचरा संग्रहण कार्य की शुरूआत की गई है, जिससे गांव भी स्वच्छ और सुन्दर बन सकेंगे। उन्होंने आमजन से इस कार्य में जनसहभागिता के लिए अपील की। इस मौके पर सरपंच धनेश्वरी चंदेल ने ग्रामीणों से अपील की वे कचरा खुले में नहीं फेंके। कचरा संग्रहण के लिए रखे गए कूड़ेदान में ही कचरा डालें।

### नियुक्ति की प्रथम तिथि से पेंशन निर्धारित करने की मांग

**बालोद।** टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर पूर्व सेवा से पुरानी पेंशन देने सहित कई प्रमुख मांगों पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला बालोद के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू एवं जिला सचिव नरेंद्र साहू ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्याओं को लेकर सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा थानसिंह दीवान, कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महासमुंद के साथ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिक्षक एलबी संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन देकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि पूर्व के नियुक्त शिक्षक बिना पेंशन के सेवा निवृत्त हो रहे हैं।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ मंच ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच टिकरापारा ने सरजूबांधा तालाब कब्रिस्तान के मैदान में पौधे रोपे, जिसमें आम, जामुन, आंवला, नीम, पीपल, नारियल सहित फूल व फलदार 31 पौधों का रोपण किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि कब्रिस्तान में आने वालों की सुविधा के लिए फलदार, छायादार तथा खुशबूदार फूलों वाले बड़े पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजली यदु, सुप्रिया धुवारे, लता चंद्राकर, नीतू साहू, प्रीति मिश्रा सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

### नया सवेरा समिति ने किया पौधारोपण



**रायपुर।** नया सवेरा जनकल्याण समिति रायपुर इकाई के सदस्यों ने 40 से 50 फलदार-छायादार पौधों का रोपण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि विश्व पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान करते हुए फुंडहर एक्सप्रेस-वे, जो श्रीराम थोक सब्जी मंडी के पास रेलवे स्टेशन से राजिम रोड में जुड़ता है, में 40-50 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह पूरे विश्व में पर्यावरण असंतुलन हो गया है। प्राकृतिक आपदाएं, वायु प्रदूषण के साथ शुद्ध ऑक्सीजन, फल मिलना मुश्किल हो गया है। हम सब प्रण करें कि एक पेड़ अपने पितृजनों की याद में जरूर लगाएं। पौधारोपण करने वालों में राजेंद्र साहू, राजा निर्मलकर, सुशील साहू, सेवक भाई, अमित गुप्ता, सुरेश भाई, गिरिश साटोने, चेतन साहू, विष्णु साहू आदि शामिल थे।

### एमआईसी की बैठक आज

**रायपुर।** नगर निगम की एमआईसी की बैठक 18 जुलाई को दोपहर 1 बजे गांधी सदन स्थित एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 जोन से प्राप्त पेंशन प्रकरण, जनहित से जुड़े एजेंडों पर एमआईसी में चर्चा होगी। यह जानकारी नगर निगम के अपर आयुक्त व निगम सचिव विनोद ने पांडे दी।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा रखना है, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इसी श्रृंखला में पत्रकारिता विश्वविद्यालय में बादाम सहित विभिन्न फलदार पौधे उनके द्वारा प्रदाय कर रोपित किए गए। अभियान के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन ने कहा कि, वृक्षारोपण एक प्रेरणादायी पहल है, जो निश्चित रूप से दूसरों को भी प्रेरित करेगी।

# एससी-एसटी को आरक्षण में प्रमोशन, जुटाएंगे क्वांटिफायबल डाटा, एससीएस की अध्यक्षता में कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य की सेवाओं में अनुसूचित जाति, जनजाति के शासकीय सेवकों को प्रमोशन में आरक्षण मामले को लेकर पिछली सरकार की गलतियों को सुधारने की प्रक्रिया अब शुरू हुई है। इस काम के लिए राज्य सरकार ने एससी-एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटीफायबल डाटा (मात्रात्मक आंकड़े) जुटाने के लिए एससीएस की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है।

### एसीएस पिंगुआ हैं अध्यक्ष

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गठित कमेटी में एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में सात अन्य सदस्य शामिल हैं। कमेटी के सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं। अन्बलगन पी. सचिव सामान्य प्रशासन, नरेंद्र दुग्गा सचिव-आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, चंदन कुमार विशेष सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, पीएस एल्मा (सदस्य सचिव) संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, डॉ. अनिल कुमार विरूलकर अनुसंधान सहायक अधिकारी, आदमि जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एं प्रशिक्षण संस्थान, अमर दास अनुसंधान सहायक आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान।

## पिंगुआ की अध्यक्षता में कमेटी, सात सदस्य भी शामिल

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं

प्रमोशन में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में ही फैसला दिया है कि राज्य एससी और एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले मात्रात्मक डाटा जुटाने के लिए बाध्य हैं। बिना आंकड़े के नौकरियों में प्रमोशन में रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले राज्य सरकारों को आंकड़ों के जरिए ये साबित करना होगा कि एससी-एसटी का प्रतिनिधित्व कम है। वहीं इस मामले पर समीक्षा अवधि केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित की जानी चाहिए।



### पूववर्ती सरकार ने नहीं किया था डाटा कलेक्शन

*यह कमेटी दरअसल इसलिए बनाई गई है, क्योंकि पिछली सरकार ने जब पदोन्नति में आरक्षण देने की अधिसूचना जारी की थी, उस समय राज्य के एससी एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटिफायबल डाटा एकत्र नहीं किया गया था। बाद में जब यह मामला अदालत में गया, तब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 में जारी राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था। इससे पहले कोर्ट ने राज्य द्वारा प्रमोशन में आरक्षण के लिए जारी अधिसूचना पर रोक लगाई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने फैसला देते हुए याचिका निराकृत की थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश को लागू करने में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्देशों और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए हर विभाग से जातिगत डाटा एकत्रित कर केवल जिन्हें जरूरत है, उन्हीं एस-एसटी कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाना चाहिए, जबकि डाटा कलेक्ट करने का काम पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया था।*

भनपुरी, कुशालपुर बाजार चौक, चंगोराभाठा, ललित महल हाईवे के पास आवारा मवेशियों की धरपकड़

# आईटीएमएस पहुंचे निगम आयुक्त, सीसीटीवी कैमरों से आवारा मवेशियों की मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मवेशियों के झुंड मचा रहे उत्पात, धरपकड़ में नगर निगम अमला पस्त हरिभूमि में प्रकाशित खबर को नगर निगम प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। खबर का असर बुधवार को देखने को मिला, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा खुद आईटीएमएस कक्ष पहुंचे। वहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरों से शहरभर में आवारा मवेशियों की मानिटरिंग कर संबंधित जोन के अधिकारियों को संबंधित लोकेशन पर काउकेचर दस्ता भेजकर लोगों की परेशानी का सबब बने मवेशियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। एक ही दिन निगम अमले ने शहरभर से 109 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। शहर के अंदरूनी मार्ग सहित बाजार क्षेत्र व व्यावसायिक इलाकों, वीआईपी मार्ग में मवेशियों के झुंड से आम आदमी को हो रही परेशानी और सदर जैसे पॉश इलाकों सहित डगनिया बाजार, आमापारा, शास्त्री बाजार सहित अन्य मार्गों में सांडों के उत्पात से शहरवासी त्रस्त रहे। मवेशियों के धरपकड़ अभियान की खानापूर्ति के कारण बड़ी संख्या में सड़क पर मवेशियों का झुंड शहरवासियों की चिंता का कारण बना हुआ है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पहली बार दक्ष सेंटर से मंगलवार को शहर के विभिन्न मार्गो पर आवारा मवेशियों की मानिटरिंग की। निगम के हेल्थ वाट्सएप ग्रुप में लोकेशन और शिकायतों पर आयुक्त ने संज्ञान लिया और संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की टीम को काउकेचर वाहन के साथ स्पॉट पर भेजा। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही सहित सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों को आवारा मवेशियों के धरपकड़ अभियान में लगाया गया।

- एक दिन में 109 मवेशी पकड़कर गौठान भेजा

### इन स्थानों पर मवेशियों की धरपकड़

- शहीद भगत सिंह चौक से श्यामनगर मार्ग , गीता नगर भनपुरी
- देवपुरी मुख्य मार्ग से पकड़े 15 मवेशी, द्रोणाचार्य स्कूल मार्ग से लालपुर तक 4 मवेशी
- कुशालपुर बाजार चौक के पास दर्जन भर मवेशी, चंगोराभाठा मुस्कान रेसीडेंसी के पास 8 गाय
- ललित महल के सामने हाइवे मार्ग पर आधा दर्जन मवेशी, आदर्श विहार कालोनी में 5 गाय, 2 भैंस
- सुंदर नगर फुटबाल मैदान के पास दर्जन भर मवेशियों की धरपकड़
- गुढ़ियारी हमर अस्पताल से मंगलम भवन तक गायों का झुंड

### फुंडहर क्षेत्र में भारती डेयरी पर जुर्माना, डेयरी हटाने नोटिस

*नगर निगम जोन 9 ने फुंडहर के रहवासी क्षेत्र में संचालित भारती डेयरी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना किया। गंदगी और प्रदूषण की शिकायत पर निगम अमले ने यह कार्यवाही की। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की टीम ने डेयरी संचालक के मवेशियों को जब्त करने की कार्यवाही प्रारंभ की। इसी दौरान डेयरी संचालक ने स्वतः डेयरी को निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट करने एक माह का समय मांगा। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने उन्हें 1 माह के भीतर डेयरी हटाने का नोटिस दिया है।*

# कौशिल्या विहार में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लालपुर और कौशिल्या विहार में लगातार हो रहे अपराध से त्रस्त स्थानीय रहवासियों ने वार्ड पार्षद रवि ध्रुव के साथ मंगलवार को सेक्टर 5 केनाल रोड पर चक्का जाम किया। रहवासी वहां अवैध तरीके से किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर एकजुट हुए और घंटों नारेबाजी और धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। दरअसल, बीती रात देवार डेरा के लोगों ने कुछ स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की थी, जिसे लेकर वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त था। इसके बाद बस्ती वालों ने अतिक्रमण हटाने मंगलवार को कमल विहार सेक्टर 5 जाने वाले एंट्री पाइंट पर प्रदर्शन किया। पार्षद रवि ध्रुव ने कहा, वार्ड के 3 युवकों से मारपीट की गई, जिसमें से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। आए दिन लूटपाट और मारपीट की घटना से लोग परेशान थे। इसीलिए चक्काजाम और नारेबाजी कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। लोगों की शिकायत पर जिला प्रशासन ने पुलिस बल के साथ बेजा कब्जा को हटवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल स्पॉट पर मौजूद रहा।

- अवैध तरीके से अतिक्रमण, 10 से 15 अवैध कब्जे को हटाया
- वार्ड पार्षद के साथ स्थानीय लोगों ने सेक्टर 5 जाने वाली केनाल रोड पर किया चक्काजाम

# गड़बड़ी के आरोप पर निजी अस्पतालों ने दिया जवाब, परख रहे सत्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज पैसे लेकर करने के मामले में जारी नोटिस का जवाब मिल गया है। इस योजना की निगरानी करने वाली टीम निजी अस्पतालों से मिले दस्तावजों की सच्चाई परखने का काम कर रही है। काम पूरा होने के बाद रिपोर्ट स्टेट नोडल एजेंसी को सौंपी जाएगी। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में आने वाले मरीजों के इलाज के दौरान जुलाई के पहले सप्ताह में चार निजी अस्पतालों में 18.55 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। इस दौरान 17 नए अस्पतालों को नोटिस जारी कर उनके खिलाफ मिली शिकायतों पर जवाब मांगा गया था। अस्पतालों की ओर से अपना पक्ष और आरोपों से संबंधित दस्तावेज निगरानी करने वाली टीम को सौंप दिया गया है। कमेटी उनसे मिली जानकारी को क्रास चेक कर रही है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इसमें वक्त लग सकता है। सभी अस्पतालों के दस्तावेज की जांच पर तैयार रिपोर्ट स्टेट नोडल एजेंसी के अधिकारियों को दी जाएगी, जिसके आधार पर इन अस्पतालों पर कार्रवाई तय की जाएगी। स्टेट नोडल एजेंसी इस तरह की शिकायतों पर अस्पतालों के खिलाफ बड़ा अर्थदंड लगाने के साथ योजनाओं से निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई भी करती है। स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा राजधानी के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों के बड़े अस्पतालों पर जुर्माना ठोक चुकी है। इसके पूर्व मई में 28 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था और कुछ से फाइन भी वसूला गया था।

- 17 को जारी हुआ था नोटिस, जवाब के साथ मिले दस्तावेज

### प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह 29 को

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपने स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को 'स्व. टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ-सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

**रायपुर।** नगर निगम जोन-4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को गोलबाजार की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों से करीब 70 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने और गंदगी फैलाने वाले संबंधित दुकानदारों को चेतावनी देते हुए 3500 रुपए जुर्माना वसूला।




*नए सिस्टम से यात्रियों को हो रही परेशानियों को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया*

# 6 महीने में 200 से अधिक शिकायत के बाद अब रेलवे करेगा टेंडर रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर




रेलवे स्टेशन में पिक एंड ड्रॉप सिस्टम की शिकायतों से त्रस्त हो चुके रेलवे प्रशासन ने अब टेंडर रद्द करने का मन बना लिया है। जल्द ही वर्तमान टेंडर रद्द कर नए नियमों के साथ टेंडर किया जाएगा, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी। हरिभूमि ने नए सिस्टम लागू होने के बाद से ही लगातार स्टेशन में यात्रियों को हो रही परेशानियों को उजागर किया है। पार्किंग कर्मचारियों की मनमानी की खबरें लगातार प्रकाशित होने के बाद अब रेलवे प्रशासन यात्रियों के हित में व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। बता दें कि जनवरी में पिक एंड ड्रॉप सिस्टम का टेंडर हुआ था, जिसका मुख्य उद्देश्य रेलवे का राजस्व बढ़ाना था। यह सिस्टम यात्रियों के साथ रेलवे के लिए सिरदर्द बन गया। टेंडर के दौरान नए नियम बनाने के साथ कई ऐसे अधिकार भी पार्किंग ठेकेदार को दिया गया था, जो आरपीएफ से जुड़ा था। सिस्टम लागू होने के बाद नो पार्किंग में यात्रियों से पैसा वसूलना लोगों के बीच विवादों में आ गया। 6 महीने में यात्रियों की ओर से आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन प्रबंधक को लिखित, मौखिक व ट्विट के जरिए 200 से अधिक शिकायत पहुंची। रेलवे बोर्ड और जोन मुख्यालय तक भी लोगों ने परेशानी गिनाई, जिसके बाद जिला प्रशासन की मदद से सिस्टम को बेहतर करने का प्रयास किया गया, लेकिन रेलवे को इसमें भी सफलता नहीं मिली। हर शिकायत के बाद जांच और कार्रवाई के बाद भी सिस्टम को सुधारने में पूरा रेलवे अमला असफल रहा। नो पार्किंग, अवैध पर्ची और यात्रियों तथा पार्किंग कर्मचारी के हर दिन झगड़े की शिकायत कम नहीं हो रही थी। इसीलिए अब टेंडर ही रद्द किया जाएगा।

### नियमों का नहीं हुआ पालन

*रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम की शिकायतों को कम करने कई बदलाव किए। आरपीएफ, जीआरपी समेत टीटीई से भी मदद ली गई, लेकिन इसके बाद भी न सिस्टम सुधरा और न यात्रियों की शिकायत कम हुई। रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम के लिए जो नियम तय किया था, उसका पालन नहीं हो पाया, जिसके कारण आए दिन रेलवे को शिकायत मिल रही थी। बता दें कि रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम का ठेका तीन साल के लिए 6 करोड़ 12 लाख में दिया है, जबकि रेलवे ने 2 करोड़ 80 लाख ऑनलाइन टेंडर जारी किया था।*

### नो पार्किंग की सर्वाधिक शिकायत

*पिक एंड ड्रॉप सिस्टम में नो पार्किंग ठेकेदार द्वारा जुर्माना लेना शुरुआत से विवादों में रहा। बीते 6 महीने में सर्वाधिक शिकायत यात्रियों की ओर से नो पार्किंग को लेकर ही मिली है। पार्किंग कर्मचारी यात्रियों से जमकर पैसा वसूल रहे थे। इसके अलावा 7 मिनट से पहले बाहर निकलने पर पैसा वसूलने पर यात्रियों ने रेलवे को शिकायत की थी।*

### वैकल्पिक व्यवस्था के बाद

स्टेशन में वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के बाद टेंडर रद्द कर नए टेंडर पर कार्य करेंगे। हमारा प्रयास है कि अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराएं, ताकि स्टेशन पहुंच रहे लोगों को किसी भी तरह से कोई दिक्कत न हो।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम

**तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, शूटरों के बारे में नहीं मिली जानकारी**

# प्लान बदलकर इस बार चोरी की बाइक में शूटआउट करने पहुंचे शूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पीआर ग्रुप के ऑफिस के बाहर शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के बारे में पुलिस को अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस को केवल इतनी जानकारी मिल पाई है कि बदमाश चोरी की बाइक से घटना को अंजाम देने रायपुर पहुंचे थे। साथ ही पुलिस अब तक यह तय नहीं कर पाई है कि चोरी की बाइक से एक शूटर पहुंचा था या दोनों शूटर एक साथ आए थे। छद्म नाम वाले गैंगस्टर मयंक सिंह जो सोशल मीडिया में मैसेज वायरल कर रहा है, इसके लिए पुलिस मयंक जिस सोशल मीडिया अकाउंट से मैसेज कर रहा है, उस अकाउंट की पुलिस की साइबर सेल आईपी एड्रेस ट्रेस करने की कोशिश में जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार अमन साव तथा मयंक सिंह द्वारा संचालित गैंग से जुड़े बदमाश पहली बार किसी शहर में वारदात करने अपने राज्य से बाइक चोरी कर यहां पहुंचे थे। इसके पूर्व इस गैंग के बदमाशों ने जिन शहरों में घटना को अंजाम दिया है, उन शहरों में पहले बाइक चोरी करते थे। उसके बाद घटना को अंजाम देते थे। यह पहला अवसर है, जब बदमाश झारखंड, रांची से बाइक चोरी करने के बाद यहां घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे।

### गैंग का फोकस छत्तीसगढ़ के कारोबारियों पर




पुलिस के अनुसार राज्य के एक दर्जन से ज्यादा बड़े कारोबारी समूह वर्तमान में झारखंड में कोल तथा सड़क निर्माण का कार्य कर रहे हैं। झारखंड में काम कर रहे कारोबारी समूह से अमन साव का गिरोह लेवी वसूलने के साथ ही रोड निर्माण में पेटी कांट्रैक्टर का ठेका देने दबाव बना रहे हैं। इसी के चलते अमन साव गैंग के बदमाश चौथी दफा छत्तीसगढ़ में दहशतत फैलाने के उद्देश्य से पहुंचे हैं। इसके पूर्व बदमाश 30 सितंबर 2022 कोरबा में आरकेटीसी ग्रुप के बाहर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। दूसरी दफा रायपुर में 11 फरवरी 2023 को आरकेटीसी ग्रुप के शंकर नगर स्थित ऑफिस के बाहर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। तीसरी दफा 11 जून 204 को बदमाश घटना को अंजाम देने के पहले दबोचे गए। तीसरी दफा 13 जुलाई को घटना को अंजाम दिया है। पूर्व की तीनों घटना में शामिल बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

### जांच झारखंड में टिकी

शूट आउट की घटना में अब तक झारखंड कनेक्शन आने के बाद पुलिस की अलग-अलग तीन टीम झारखंड रवाना की गई है। झारखंड में पुलिस अफसरों के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि अमन साव झारखंड की किन-किन जेलों में बंद था। अमन जिन जेलों में बंद था, वहां उसने किन-किन बदमाशों को अपने गैंग में शामिल किया और जो बदमाश अमन के गैंग में शामिल हुए, वो कब जेल से छूटे हैं और उनका वर्तमान लोकेशन क्या है। पुलिस इसकी जानकारी एकत्रित कर रही है।

# बारिश शुरू होते ही बढ़ी उल्टी-दस्त की शिकायत, महीनेभर में ढाई सौ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश शुरू होते ही दूषित पानी के उपयोग से उल्टी-दस्त जैसी शिकायत बढ़ने लगी है। शहर की तुलना में ग्रामीण इलाकों में ज्यादा समस्या को देखते हुए ब्लाक स्तर पर निगरानी टीम का गठन किया गया है। रायपुर जिले में महीनेभर में डायरिया के ढाई सौ मामले सामने आए हैं और बीते सात माह में आंकड़ा एक हजार से अधिक है। बारिश के मौसम में उल्टी-दस्त की समस्या आम हो जाती है। खान-पान में होने वाली थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ जाता है। रायपुर जिले में पिछले महीनेभर में डायरिया की वजह से बीमार हुए 70 फीसदी लोग स्वास्थ्य केंद्रों में दवा लेकर ठीक हो चुके हैं, केवल तीस प्रतिशत लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी है। जिले में जनवरी से लेकर अब तक का आंकड़ा एक हजार से अधिक हो चुका है, मगर किसी के लिए उल्टी-दस्त जानलेवा नहीं हुआ है। अभी बारिश की शुरुआत होने के बाद विकासखंड स्तर पर निगरानी टीम का गठन कर उन्हें क्षेत्र में बराबर निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। इस तरह की किसी भी घटना पर तत्काल इसकी सूचना मुख्यालय पर देने और प्रभावित इलाके में शिविर लगाकर राहत कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी गई है।



### नियमित निगरानी

बारिश के मौसम को देखते हुए लगातार निगरानी की जा रही है। डायरिया की शिकायत मिलने पर तत्काल शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार किया जा रहा है। लोगों को खानपान में सावधानी बरतने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

## खबर संक्षेप

### 18 को होने वाला जनदर्शन स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जन दर्शन 18 जुलाई गुरुवार को होने वाला था। बताया गया है कि श्री साय 18 तारीख को दिल्ली के दौरे पर रहेंगे।



### पीएससी की सीबीआई जांच पोलिटिकल प्रोपोगंडा

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पीएससी मामले की सीबीआई जांच भाजपा का पोलिटिकल प्रोपोगंडा है। पीएससी की तथाकथित गड़बड़ियां विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने भाजपा ने गलत आरोप लगाया था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी बयान आया है कि सीबीआई जांच से युवाओं की शंका दूर होगी अर्थात भाजपा के वरिष्ठ नेता भी पीएससी का गड़बड़ी के आरोपों को शंका मात्र ही मानते हैं। सीबीआई जांच में भी कुछ हासिल नहीं होने वाला। इस जांच से भाजपा के झूठे आरोपों की पोल खुलेगी और सच्चाई सामने आयेगी। उन्होंने कहा, राज्य लोकसेवा आयोग में कथित गड़बड़ी के आरोप भाजपा ने साजिश के तहत लगाया था। अमूमन किसी भी परीक्षा में गड़बड़ियों के यह आरोप लगते हैं।

### छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार का छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत है। यह भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ी खेलों के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है। यह छत्तीसगढ़ी अस्मिता से खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक चालू करके पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के जो पारंपरिक खेल थे, उनको बढ़ावा दिया था। इसका व्यापक पैमाने पर स्वागत हुआ था। हर वर्ग के लोग, बच्चे, युवा, बूढ़े, महिला सभी इसमें भाग लेते थे और इससे न सिर्फ छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता था, लोगों को इसके कारण शारीरिक रूप से भी मजबूती मिलती थी।

### माथुर को दपूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का प्रभार

रायपुर। समीर कांत माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार मंगलवार को विकास कुमार कश्यप से ग्रहण किया। श्री कश्यप की पदस्थापना परिचालन विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में की गई है। श्री माथुर भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसई) के 2011 बैच के अधिकारी हैं। वे वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बतौर उप महाप्रबंधक (सा.) पदस्थ हैं, साथ ही मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार भी देखेंगे।

### शराब तस्करी करते दो तस्कर पकड़े गए

रायपुर। शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मंदिर हसौद थाने के ग्राम कुरूद के समीप डिगेंद्र धीवर उर्फ डिग्गी तथा घनश्याम उर्फ गोलू धीवर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से साढ़े पांच हजार रुपए कीमती देशी शराब और उसकी तस्करी के लिए उपयोग में लाई जा रही बाइक को जब्त किया है। दोनों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# पीएम सूर्य योजना में पोर्टल की समस्या, वेंडरों का काम भी सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ता भी रुचि दिखाने लगे हैं, लेकिन एक तरफ जहां पोर्टल की समस्या के कारण आवेदनों को लेकर परेशानी हो रही है, वहीं वेंडर भी तेज गति से काम नहीं कर पा रहे हैं। अब तक योजना में 35 सौ आवेदन आ गए हैं, लेकिन जहां तक उपभोक्ताओं की छतों पर सोलर पैनल लगाने का सवाल है, तो महज 147 घरों पर सोलर पैनल लगे हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस साल भी गर्मी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई है। आने वाले समय में यह खपत सात हजार मेगावाट तक जा सकती है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा।

## 35 सौ आवेदन में सोलर पैनल लगे महज 147 ही

### प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।




### केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

### प्रदेशभर से युवा, किसान, महिलाएं और अलग-अलग फील्ड के प्रोफेशनल पहुंचे

# विजन डाक्यूमेंट तैयार करने मिले सैकड़ों सुझाव युवा, कृषक, महिलाएं और प्रबुद्धजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट सभी की भागीदारी से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है, इसे पूरा करने के लिए हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने की।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने अगले पांच साल में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का आह्वान किया है। इस उद्देश्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण विचार साझा किए।



### कृषि में बढ़ानी होगी युवाओं की भागीदारी : ओपी चौधरी

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा, कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों का नीति आयोग द्वारा संकलन किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटन तथा सर्विस सेक्टर में भी असीम संभावनाएं हैं। वर्तमान में कृषि में रसायनिक खाद के उपयोग से कैंसर रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। हमें जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। कृषि में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा, प्रोग्रेसिव फॉर्मिंग के लिए किसानों की जमीन को एक साथ करने के लिए विचार करने की जरूरत है।

### प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं

छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट संवाद कार्यकम में मुख्यमंत्री ने कहा, विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है और प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। एक नवम्बर को नई उद्योग पॉलिसी लाने वाले हैं। उसी दिन को विजन डॉक्यूमेंट भी पेश किया जाएगा। हमारी सरकार हर क्षेत्र में रीफार्म ला रही है और 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।

### कृषि और अन्य क्षेत्रों में आए ये सुझाव

छत्तीसगढ़ को देश में कृषि एवं प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाऊस बनाने आज कृषकों ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी फसलों, कृषि के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर अपना सुझाव दिए। परिचर्चा में स्वास्थ्य छत्तीसगढ़, सुखी छत्तीसगढ़, सुस्थायित्व (स्टेनेबिलिटी) स्थायी समुदाय सतत उत्पादन और उपभोग, कृषि सुपर फूड्स शक्ति, सेहत प्राकृतिक औषधालय, सेवा क्षेत्र आईटी का नया गढ़, लॉजिस्टिक्स जुड़ता छत्तीसगढ़, बढ़ता छत्तीसगढ़ पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी प्रकार शिक्षा फ्यूचर रेडी, प्रतिभाशाली छत्तीसगढ़, संस्कृति कला और संस्कृति की नई पहचान, विनिर्माण उद्योग की नई परिभाषा, वन्य उत्पाद स्थानीय उत्पाद, वैश्विक पहचान, पर्यटन प्रकृति से संस्कृति तक, गवर्नेस सरल, सुरक्षित छत्तीसगढ़ विषय पर चर्चा की गई। प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ के जनजाति समाज की सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करते हुए विकास किया जाए।

### 200 प्रतिभागी हुए शामिल

संवाद कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में काष्ठ शिल्पकार एवं पद्मश्री से सम्मानित अजय मण्डावी एवं पद्मश्री जागेश्वर यादव, कोण्डागांव से आयी महिला कृषक उदेश्वरी, शुभम दीक्षित, सिमरन, अंकित जैन, शताब्दी पाण्डेय, सुधा वर्मा सहित अनेक लोगों ने सुझाव दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार धीरेन्द्र तिवारी, राज्य नीति आयोग के सदस्य के. सुब्रमण्यम, सचिव अनूप श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत भी उपस्थित थे।

# राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष-सदस्यों के वेतन भत्तों का नया नियम बना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्षों और सदस्यों के वेतन-भत्ते का नया नियम राज्य सरकार ने बनाया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। बताया गया है कि यह मॉडल नियम 2020 को सम्यक रूप से अंगीकृत करते हुए बनाया गया है।

### जिला आयोग के अध्यक्ष को इतना वेतन

जिला आयोग में अध्यक्ष के रूप में यदि कोई सेवारत न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है, तो वह ऐसे वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा जो वह जिला न्यायाधीश के रूप में प्राप्त कर रहा है। परंतु यदि सेवारत जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है और अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान ही वह सेवा निवृत्त हो जाता है, तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन, भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन देय होगा। इसी तरह यदि कोई सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाले शुद्ध वेतन होगा। यदि कोई अधिवक्ता अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन राज्य सरकार के अतिरिक्त सचिव को को प्राप्त होने वाले वेतन के समान होगा। जिसमें भत्ते और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन होगा।

### राज्य आयोग के अध्यक्ष का वेतन कितना

राज्य आयोग का अध्यक्ष सेवारत न्यायाधीश नियुक्त होता है, तो वह उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होने वाले वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा। इसके साथ ही राज्य आयोग का सेवानिवृत्त न्यायाधीश अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन में से पेंशन को घटाकर होगा तथा भत्ते एवं अन्य सुविधाएं वही होंगी, जो सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होती है।

# रायपुर ग्रामीण-उत्तर के मतदाताओं का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर लोकसभा की विधानसभाओं के मतदाता अभिनंदन समारोह के तहत मंगलवार को रायपुर ग्रामीण और रायपुर उत्तर विधानसभा के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए एक करोड़ देने की घोषणा की।

रायपुर ग्रामीण के कार्यक्रम में को श्री अग्रवाल ने कहा, ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में जानदार, शानदार और दमदार प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट देकर, रायपुर को देश के शीर्ष 10 लोकसभा क्षेत्र में शामिल करने में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का अतुलनीय योगदान रहा है। इसके कारण अकेले रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख 7 हजार से ज्यादा मतों का अंतर रहा। श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से इस जोश को बरकरार रखने के लिए कहा और आने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन दोहराने की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा, अब उनके सांसद बन जाने पर क्षेत्र का अधिक तेजी से विकास होगा जिसके लिए उन्होंने सांसद निधि से एक करोड रुपए देने की घोषणा भी की। रायपुर उत्तर विधानसभा के मतदाताओं का सम्मान समारोह एकात्म परिसर में आयोजित किया गया। मतदाताओं का रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पुरंदर मिश्रा ने शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। पूर्व सांसद सुनील सोनी ने कहा, अभी लड़ाई जारी रखना है।



# महतारी वंदन पर गरमाई राजनीति, भूपेश बोले-महिलाओं को नहीं मिल रही राशि, चौधरी का जवाब- मेरे गांव आकर देख लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना को लेकर राजनीति गरमाती दिख रही है। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के एक ट्विट से हुई जब उन्होंने कहा- महतारी के नाम पर योजना शुरू की, फिर उस योजना में पैसा देने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली बिल के नाम पर वसूली शुरू की।

जनता से वसूली करने के बाद भी महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि क्यों नहीं मिल रही है? ये वसूलीबाज सरकार जवाब दे। इसके जवाब में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने गांव आने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, 70 लाख माता बहनों को हर माह 1000 मिलने पर भूपेश बघेल के पेट में दर्द हो रहा है। उनके गांव में जाकर यदि हाथ खड़े कराएंगे, तो कितनों का हाथ उठेगा, ये भूपेश बघेल खुद जाकर देख सकते हैं।



- सियासी विवाद में कूदे पूर्व मंत्री डहरिया भी
- चौधरी का पलटवार, कांग्रेस ने 500 भी नहीं दिए



### विवाद में कूदे डहरिया

इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी कूद पड़े हैं। महतारी वंदन योजना को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, जिन लोगों को महतारी वंदन की राशि जारी हो रही थी, उनकी सूची सरकार को जारी करनी चाहिए। डहरिया ने कहा, पहले चुनाव के समय सभी लोगों से फॉर्म भरवाए गए। चुनाव के समय तक बहुत सारे लोगों को राशि दी गई, उसके बाद अब आधे से ज्यादा लोगों का नाम काट दिया गया। गांव-गांव में यह शिकायत आ रही है कि पहले पैसा मिलता था, अब नहीं मिल रहा है।

### कांग्रेस ने 500 रुपए देने का वादा कर नहीं दिया

महतारी वंदन योजना पर गरमाई राजनीति आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने से पहले मैनिफेस्टो में महिलाओं को 500 हर महीने देने का वादा किया गया, पांच साल तक किसी को पांच रुपए तक नहीं दिए। हमारी सरकार में महिलाओं को 1000 प्रति महीने मिल रहा है। इसी क्रम में उन्होंने पीएससी घोटाले और रोजगार की बात भी जोड़ी। पीएससी घोटाले की जांच पर वित्तमंत्री ने कहा, कांग्रेस राज के दौरान पीएससी में माफिया राज चला, हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि भर्तियों में गड़बड़ियां समाप्त हो। हमने सीबीआई जांच का वादा किया, जांच की जा रही है।

### संगठन को देंगे मजबूती

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पिछली बैठकों के संबंध में कहा था कि संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर पिछली बैठकों में चर्चा की गयी। निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने जिम्मेदारी दी जाएगी। पीसीसी अध्यक्ष को बड़े नेताओं ने इसके लिए अधिकृत कर संगठन को मजबूती देने पर कार्य करने कहा है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के जिला बाडी में बदलाव को मूर्त रूप दिया जाएगा।*

### पार्टी संगठन में निचले स्तर पर होगा बदलाव

# पीसीसी अध्यक्ष बैज के नेतृत्व में लड़ा जाएगा नगरीय निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में हुई कार्यकारिणी की बैठक में संगठन में निचले स्तर पर बदलाव कर उसे मजबूती प्रदान करने रणनीति तैयार की गई है। संगठन में उन सभी जिला अध्यक्षों के कार्यों का आकलन करने के बाद नई टीम तैयार कर निकाय चुनाव में ताकत झोंकी जाएगी। पिछले सप्ताह हुई बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों से मिले सुझावों के आधार पर काम शुरू हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूती प्रदान करने के संबंध में लगातार समीक्षा की जा रही है। एआईसीसी ने इसी आधार यह जानने का प्रयास किया कि संगठन से कहां चुक हुई कि चुनाव में हार का समाना करना पड़ा। उसके आधार पर सभी लोकसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से चर्चा के बाद संगठन का पुनर्गठन कर आगे की रणनीति तैयार करने प्रदेश बाड़ी को कहा गया। इसी आधार पर संगठन ने पिछले 9 और 10 जुलाई को कार्यसमिति और अन्य पदाधिकारियों की बैठक कर रणनीति बनाई।



प्रदेश अध्यक्ष को संगठन में बदलाव के संबंध में अधिकृत किया गया है। बताया गया है कि उसके आधार जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। रणनीति में यह भी कहा गया कि प्रदेश स्तर पर रिक्त पदों को भरा जाए। निकाय चुनाव से पहले इसे पूरा कर सभी निकायों में कांग्रेस स्थानीय लोगों को चुनाव में उतारेगी।

### संगठन को मजबूती देने कड़ा रुख अपनाएगी

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब पार्टी का पूरा ध्यान आगे की रणनीति पर केंद्रित हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। उनके कार्यकाल में पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। मामले में सत्ता और संगठन के बीच समन्वय में कमी और अंतर्कलह को जिम्मेदार माना गया। चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत लगाई, लेकिन परिणाम विपरीत रहा। संगठन को मजबूत कर ऐसे मामलों को ठीक करने पार्टी अब कड़ा रुख अपनाएगी।

## पेज 9 के शेष

### उधार की रकम ...

रज्जु ने दिनेश को मौत के घाट उतार दिया। इसके साथ ही घटनास्थल से फरार हो गया। हत्या की खबर से नगर बेरला में सनसनी फैल गयी। मौके पर पुलिस पहुंच कर जाँच के लिए जुट गई। हत्या के बाद जिला पुलिस प्रशासन के दिशानिर्देश पर डॉग स्कावड व सीसीटीवी कैमरे का सहारा लिया गया। जिसमें पाया गया कि नगर में हत्या की वारदात को बेरला के वार्ड-07 गोड़पारा निवासी 33 वर्षीय ओमप्रकाश उर्फ रज्जु मण्डावी पिता प्रेमलाल मण्डावी को सन्दिग्ध के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस पूछताछ में आरोपी ओमप्रकाश ने हत्या की बात कबूल कर अपना जुर्म स्वीकार कर लिया ततपश्चात पुलिस द्वारा नए कानून बीएनएस की धारा के तहत अपराध के आधार में न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसे रिमाण्ड में लिया गया है। इस कार्रवाई में एसपी रामकृष्ण साहू के दिशानिर्देश एवं बेरला एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक मिश्रा, एएसआई दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक-लोकेश गौसेवक, ठाकुर राम धृतलहरे, दीनानाथ यादव, वीरेंद्र साहू, प्रमोद बंजारे, महेश जांगड़े, शिव यादव, आर कुशाल बोरकर, रामेश्वर पटेल सहित अन्य स्टॉफ शामिल रहे।

### आंधी में उड़े शेड, महीनों ...

नियमतः उनको नगर साजा अथवा आसपास में निवास करना चाहिए और जब मरम्मत की बात की जाए तो फण्ड की कमी को कारण बताना हास्यास्पद है। जबकि इस सम्बंध में महाविद्यालय प्रबन्धन व कॉलेज डीन के द्वारा फंड की कमी को वजह बताया जा रहा है। लिहाजा यह स्थिति लगभग महीनेभर से यथावत बरकरार है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम कुंरा प.ह.नं. 08 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक रमेन्द्र कुमार पिता लक्ष्मण साहू जाति तेली निवासी ग्राम कुंवरा तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) प.ह.नं. 08 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत आवेदन पेश किया गया है, कि उनके बड़े पापा स्व. राम पिता बाबूराम की मृत्यु दिनांक 20/08/2008 में कुंरा में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवशः आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 25/07/2024 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 08/07/2024 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील नांदघाट,
जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### मैत्रीबाग में पर्यटकों के लिए बोटिंग लाउंज को सजाया

**भिलाई।** मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पर्यटकों को नौकायन के लिए लुभाने बोट प्वाइंट को आकर्षक ढंग से सजाया गया। गीतों के साथ रोचक अंदाज में बोटिंग के लिए आमंत्रित करने एनाउंस किया जा रहा है। खुशनुमा मौसम में लोग खूबसूरत झील में नौकायन का लुत्फ उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लंबे अंतराल के बाद मैत्रीबाग में दो माह पूर्व बोटिंग का संचालन शुरु हो गया है। झील में आठ पायडल वाली बोटें चल रही हैं। पर्यटकों नौकायन के लिए बोट प्वाइंट के गेट को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आडियो साउंड के जरिए फिल्मी गीतों के साथ एनाउंस किया जा रहा है। वेटिंग लाउंच मेंपर्यटकों के लिए बैठने को आकर्षक नई बेंचें भी लगाई गई हैं। इसके साथ ही हर बोट के साथ एहतियात के तौर पर लाइफ गार्ड भी चलते हैं। बदलियों और फुहारों और हल्की धूप के बीच लोग बोटिंग का मजा रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा यंगस्टर्स हैं।

### नाली के ऊपर कब्जा कर बनाया मकान, शिकायत



**भिलाई।** भाठापारा रुआबांधा वार्ड-2 में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर मकान बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर हेमंत पटेल ने निगम आयुक्त से मामले की शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में कहा कि नाली के ऊपर निर्माण किए जाने से नाली का पानी सड़क पर उतर रहा है। लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। पड़ोस में रहने वाले परिवारों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। उन्होंने इस मामले को लेकर अतिक्रमणकर्ता से शिकायत भी की। पार्षद को भी वस्तु स्थिति से अवगत कराया, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### प्रवर्तन विभाग ने 484 आवास खाली करवाए



**भिलाई।** टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा बेजा कब्जा हटाओ मुहिम के आठवें दिन 448 आवासों से कब्जे हटाए गए। संपदा न्यायालय के आदेश पर पुलिस बल की सहायता से अवैध कब्जेधारियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। कब्जेधारियों पर बेदखली कार्यवाही करते हुए 26 आवासों से अवैध कब्जेधारी निकाले गए। 21 डिक्री आवासों पर अवैध कब्जे को खाली कराया गया। इन बीएसपी आवासों को अवैध रूप से कब्जा कर दलालों द्वारा किराया वसूली किया जा रहा है। 26 अनफिट आवासों को खाली कराया गयाद्य इन आवासों में बिजली जल आपूर्ति को बंद कर, दरवाजे खिड़कियों को निकाल दिया गया है। सिविल विभाग द्वारा पार्शियल डिमोलिशन करना शुरू कर दिया गया है। संपदा न्यायालय से पारित कुल 263 डिक्री आवासों से अवैध कब्जेधारियों से खाली करवाए गए।

### बीएसपी एक्स-ओए की बैठक 20 को

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ओ ए की आमसभा 20 जुलाई को सुबह 10.30 बजे प्रगति भवन ओए बिल्डिंग में आयोजित की जाएगी। इसमें नए मेडिक्लेम नवीनीकरण प्रक्रिया की विफलता, ईपीएस 95 पेंशन, 11 महीने का भत्ते का बकाया, बढ़ी हुई ग्रेच्युटी आदि जैसे सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में ओए व सेफी चेयरमैन नरेन्द्र बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह और कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे।

## मोहर्रम पर आशूरा की विशेष नमाज अदा कर मांगी दुआ

# शहादत के पर्व मोहर्रम पर ग्रामीण इलाकों में ताजिया के साथ निकाला गया जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर/कोदवा



मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में शहादत के तौर पर मनाया जाने वाला मोहर्रम पर्व पारंपरिक रूप से मना। मोहर्रम पर बासीन, सरदा, नांदघाट, खण्डसरा, कोंगिया व बिरनपुर में ताजिया बनाकर जुलूस निकाला गया। नवागढ़, परपोड़ी, खम्हरिया एवं देवकर में दिनभर इमाम हसन हुसैन शहादत की याद में तकरीर का आयोजन किया गया। शाम को सामूहिक रूप से दावत का आयोजन हुआ।

विदित हो कि मुस्लिम पर्व मोहर्रम शहादत के प्रतीक के रूप में प्रतिवर्ष उर्दू कैलेंडर के नववर्ष पश्चात दसवें दिन मनाया जाता है। इस दिन मुस्लिम सम्प्रदाय के इमाम हसन हुसैन की शहादत इराक के करबला मैदान में हुई थी। जिसकी याद में मुस्लिम अनुयायी उर्दू नया वर्ष लगने के दस दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। परम्परागत पकवानों को लेकर विशेष फातिहा पढ़ी जाती है।वही गाँवों में दस दिनों तक विशेष सजावट के साथ पारम्परिक ताजिया बनाकर जुलूस निकालते हैं। इस अवसर पर हलवा व शरबत वितरण किया जाता है। ग्राम बासीन में भी वितरण किया गया। जहां मुस्लिम जमात के सदर व अन्य कमेटी सदस्यों द्वारा ताजिया निकाला गया। जिसको देर रात सुरही नदी में विसर्जित किया गया।

### हुसैन की शहादत को मुस्लिम समुदाय ने किया याद



**बेमेतरा।** हक के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले हजरत इमाम हसन हुसैन एवं कर्बला के शहीदों की याद में मुहर्रम पर जिले सहित शहर की जामा मस्जिद में 10 दिन कई आयोजन हुआ । इसी कड़ी में पूरे 9 दिनों तक तकरीर (कथा) का सिलसिला जारी रहा। 17 जुलाई बुधवार को यादें हुसैन की याद में मुस्लिम समाज द्वारा लंगर एवं फातिया खानी रखी गई है।वही मुस्लिम समुदाय ने आशूरा की विशेष नमाज अदा कर दुआ मांगी गई। इस दौरान घर-घर इमाम हसन हुसैन की याद में खिचड़ी बनाई गई। साथ ही शरबत और लंगर का एहतमाम भी किया गया। मोहर्रम की सुबह मस्जिद में बाद नमाज फजर कुरानख्वानी हुई ओर आशूरा की दुआ पढ़ी गई। **हक के लिए थी इमाम हुसैन की शहादत : पेश इमामः** मोहर्रम के इस मुकद्दस महीने में कर्बला के शहीदों की याद के साथ शहर स्थित मस्जिद में तकरीर व कुरआन ख्वानी का सिलसिला जारी रहा । इस दौरान रात में नमाज-ए-ईशा के बाद जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अलाउद्दीन अजहर खान साहब ने अपनी तकरीर में कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन की शहादत हक के लिए थी और इमाम हुसैन कर्बला में जंग के लिए नहीं गए थे, बल्कि उनको बुलाया गया था। कर्बला वह अपने साथ बच्चों औरतों और के साथ गए थे। एक तरफ 72 हुसैनी थे और दूसरी तरफ 20000 की यजीदी फौज थी। आप सोच सकते हैं क्या यह जंग एकतरफा नहीं थी, जहां छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक को कत्ल किया गया। छोटे-छोटे बच्चों को पानी के लिए तरसाया गया। पानी के बदले तीर उनके गले पर मारा गया। इसके बावजूद बातिल हार गया और इमाम हुसैन का सब्र जीत गया। आज यजीद का कोई नाम लेवा नहीं है जबकि हुसैन का नाम की चर्चा घर-घर में हो रही है।

## 12वीं के नए छात्रों का किया स्वागत, विगत वर्ष के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में चतुर्थ दीक्षांत एवं फेयरवेल समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

- एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में हुआ चतुर्थ दीक्षांत व फेयरवेल समारोह

कक्षा बारहवीं की बैच 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि कलेक्टर रणवीर शर्मा थे। साथ ही एडीएम अनिल कुमार बाजपेयी, जिला शिक्षाधिकारी कमल कपूर बंजारे, मुख्य कार्यकारी प्रबंधन अधिकारी विनीत राजोरिया, प्राचार्य पंकज जोशी, उपप्राचार्य राकेश कुमार, ए.वी.पी गायत्री कसेरा, ए.सी.ओ नीता राइचा, एवं एच.एम स्मृति शाही विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर रणवीर शर्मा ने प्राचार्य पंकज जोशी की उपस्थिति में कक्षा बारहवीं (2023-24) बैच के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने अपने जीवन के व्यक्तिगत अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा कर जीवन के हर क्षेत्र में सफलता अर्जित करने, संघर्षों एवं चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सांस्कृतिक विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वहीं, बच्चों द्वारा रैम्प वॉक व अन्य कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही मिस्टर फेयरवेल तथा मिस फेयरवेल के लिए क्रमशः वैभव शर्मा एवं वंशी सलूजा के नामों की घोषणा की गई। स्कूल संचालिका भावना बोहरा ने आभार प्रदर्शन किया।

## सिवनी स्कूल में हुआ न्योता भोज...



**नवागढ़।** मुरता संकुल अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में सफुरा माता स्व-सहायता समूह द्वारा न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। न्यौता भोज के रूप में चावल, दाल, आलू मटर सब्जी, पापड़, अचार के साथ-साथ केला और जलेबी भी वितरित किया गया।विद्यालय के प्रधानपाठक परमानंद पाण्डेय द्वारा आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम के गणमान्य जनों को इसी तरह कार्यक्रम आयोजन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकअनिल बंजारे, आशीष वैष्णव, आशाराम सिन्हा सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बीएसपी कर्मी की कार ब्रिज के नीचे गिरी, मौत

**भिलाई।** दोस्त के बर्थ डे की पार्टी मना कर कार से ड्यूटी जा रहे कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। घटना ग्राम चंदखुरी हनोदा के पास का है। पदमनाभपुर टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि सुंदर नगर बोरसी दुर्ग निवासी प्रशांत सिंह राजपुत अपनी कार से दोस्त की बर्थ डे की पार्टी मनाने के लिए निकला था। इस दौरान प्रशांत दोस्त के चंदखुरी हनोदा में स्थित फार्म हाउस पहुचा। देर रात तक पार्टी मनाकर प्रशांत नाईट ड्यूटी बीएसपी जाने के लिए कार से निकला। कार में प्रशांत अकेला था। बारिश भी जमकर हो रही थी, प्रशांत कार चलाते हुए प्लांट के लिए निकला था। उसकी कार चंदखुरी हनोदा के ब्रिज के नीचे जा गिरी।

## बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ संस्कार भी दें : चतुर्वेदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में 16 जुलाई को वार्षिक उत्सव का आयोजन कॉलेज के सभागार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

- शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

मुख्य अतिथि बायोडायवर्सिटी बोर्ड छत्तीसगढ़ राज्य के चेयरमेन राकेश चतुर्वेदी थे, वहीं शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला के प्राचार्य डॉ रमन मेहर, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन और मां शारदे की पूजा अर्चना कर किया। इसके पश्चात सहायक प्राध्यापक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी कुंदन कुमार साहू ने छात्र छात्राओं से अतिथियों एवं सभी विभागाध्यक्षों का स्वागत कराया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ रमन मेहर ने स्वागत भाषण के द्वारा सभी अतिथियों का अभिनंदन किया और वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन भी किया। उन्होंने वर्ष भर की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर भी विस्तृत प्रकाश डाला और अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वार्षिक उत्सव में कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत :** अंत में मुख्य अतिथि राकेश चतुर्वेदी ने कॉलेज में वर्ष भर चलने वाले खेलकूद एवं विविध गतिविधियों के और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में अपनी उत्कृष्टता दिखाई। मुख्य अतिथि राकेश चतुर्वेदी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए।

### लक्ष्य बनाकर करें मेहनत

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक उदबोधन के द्वारा छात्रों को उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को हम अच्छी और उच्च शिक्षा देने के साथ साथ उन्हें संस्कार की भी शिक्षा दें आज हमारे बच्चे संस्कार के अभाव में दिग्भ्रमित हो रहे हैं। हमें बालकों की शिक्षा के साथ-साथ बालिकाओं की शिक्षा की ओर भी गंभीर होना बहुत जरूरी है। यदि हम किसी कार्य को पूरी तन्मयता के साथ, लगन और तत्परता से करें, तो हमें सफलता अवश्य मिलती है। हमें कार्य योजना बनाकर लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने आवश्यकता होती है। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की सहायक प्राध्यापक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी, साथ ही एनएसएस प्रभारी कुंदन कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला के सहायक प्राध्यापक डॉ टीवी दीक्षित, डॉ दीक्षा तिवारी, दीक्षित आर्य, आकांक्षा शुक्ला सहित सभी शिक्षक, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## निशुल्क विवाह को लेकर रायपुर संघ के पदाधिकारी पहुंचे शहर, बनाई रणनीति



**बेमेतरा।** अग्रसेनधाम रायपुर में 10 नवंबर को आयोजित सामूहिक निशुल्क नौकन्या विवाह की रूपरेखा को लेकर सेवापथ परिवार संस्था के सदस्यों का शहर आगमन हुआ। रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूज्य सिंधी पंचायत बेमेतरा द्वारा रायपुर से आए सेवा पथ परिवार संस्था के सदस्यों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात निशुल्क विवाह को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। पूज्य सिंधी पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष लालचंद मोटवानी एवं संरक्षक प्रकाश चंद्र सुखवानी ने सेवा पथ परिवार को निशुल्क कन्या विवाह में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। रायपुर सेवा पथ समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं सूत्रधार पहलाज खेमानी ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन पूज्य सिंधी समाज के सचिव अनिल माखीजा ने किया। आभार प्रदर्शन समाज के नारायण छाबड़ा ने किया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में सुरेंद्र मोटवानी, राजू गोविंदानी, सुरेश तेजवानी, प्रकाश सीतलानी रवि मोटवानी, बंटी दयानी, दीपक मेघवानी बृजलाल गंगवानी, जगदीश रोहरा, श्याम संतवाणी, महिला विंग की ओर से बबीता रोहरा आशा सुखवानी मीना मोटवानी जानू संतवाणी जानकी मेघवानी, दीपा दयानी, दीनी मेघवानी उपस्थित रहे।

### दुर्ग पहुंचे विस अध्यक्ष डॉ रमन पूर्व मंत्री रमशिला ने की भेंट



**अंडा।** पूर्व प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार दुर्ग पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने दुर्ग सर्किट हाउस में डॉ सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंचल सहित दुर्ग जिले के विकास के साथ-साथ अन्य विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेत्री तुलसी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं जिला के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मरार पटेल समाज दल्लीराजहरा ने बच्चों के लिए दान की स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





मानव उत्थान सेवा समिति मिशन एजुकेशन अभियान के तहत लगातार विभिन्न समाज एवं संस्थाओं में डोनेशन बॉक्स लगा रहा है, जिसका उद्देश्य सक्षम व्यक्तियों एवं संस्थाओं से दान लेकर जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचना है।

16 जुलाई को ग्राम चिखलाकसा में डोनेशन बॉक्स लगाया गया। बॉक्स में मरार पटेल समाज दल्ली डौंडी राज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों के लिए कापी पेन पेंसिल रबर एवं कटर दान किया। समिति अखिल भारतीय स्तर पर आध्यात्मिक प्रचार के साथ-साथ कई सामाजिक कार्य भी करती है जैसे मिशन मेडिसिन मिशन एजुकेशन ब्लड डोनेशन पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता अभियान आपदा पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराना आदि शामिल हैं। 8 वर्षों से लगातार पूरे भारतवर्ष मे यह अभियान चल रहा है। इस अभियान के बारे में समिति के सदस्य कोमल पटेल ने विस्तार से जानकारी दी। मरार पटेल समाज अध्यक्ष ईश्वर पटेल एवं कार्यकारी अध्यक्ष दुष्यंत पटेल ने इस अभियान की सराहना किये। कार्यक्रम में सचिव प्रीतम पटेल संरक्षक गंगाराम पटेल एवं लक्ष्मण पटेल सलाहकार बेनू पटेल युवा अध्यक्ष संतोष पटेल महिला अध्यक्ष राधिका पटेल कुंती पटेल कोषाध्यक्ष चैतराम सर्वा लक्ष्मी पटेल दीनदयाल पटेल गुलाल पटेल एवं समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे। समिति की ओर से शाखा प्रधान सुखुराम कोसमा हीरासिंह राणा हितेश भारद्वाज संतोष रावटे यमुना रावटे ने भाग लिया। समाज के पदाधिकारियों को संस्था की ओर से एप्रीसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

## धनोरा में 21 को श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा पर्व



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे से गुरु पुजन एवं 11 बजे से भजन संध्या एवं अतिथि आगमन एवं सम्मान समारोह एवं 3 दोपहर से ओम आदित्य मानस मंडली रिसाली भिलाई संतोष ढीमर विनीता ढीमर की मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, श्रावण मास के पावन पर्व पर 12 अगस्त सोमवार को पार्थिव शिव पूजन एवं रुद्र महाअभिषेक सुबह 10 बजे से एवं शाम 4 बजे से महिला मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुति होगी। दरबार प्रति निधी चंद्रकांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दरबार के लक्ष्मण बाबा नंद पंडा राजू यादव विनोद साहू गुलाब साहू गज्जू रायपुरिया मनसुखा साहू बबलू साहू जीवराखन ठेकेदार ओमकार साहू कल्याण देवांगन योगेश साहू बाबू लाल साहू हेमंत तेली दिनेश साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### विनायकपुर विद्यालय में किया गया पौधारोपण

अंडा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विनायकपुर में प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में फलदार व फूलदार पौधों का रोपण किया गया। एस दौरान आम, गुलमोहर, आंवला, मुनगा, अमरुद व नीम के पौधे लगाये गये।शाला परिवार के सदस्यों सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, पूर्णिमा कोसले, ममता तिवारी, उषा ठाकुर, प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार एवं समस्त विद्यार्थियों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बच्चों को जागरूक कर पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी तक मानव सुरक्षित रहेगा।

## उद्घाटन समारोह में शामिल अतिथियों ने की विभिन्न प्रकार से सहयोग देने की घोषणा

# डौंडी में शुरू हुआ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी




सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के मार्गदर्शन पर, सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा समिति और डौंडी की नवगठित समिति के प्रयास से 15 जुलाई को डौंडी नगर में सरस्वती शिशु मंदिर का विधिवत उद्घाटन डौण्डी-नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी सुमित जैन के मुख्य-आतिथ्य तथा सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन-मंत्री आदरणीय डा.देवनारायण साहू की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

विशेष अतिथि सोमेश सोरी अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी, रामबाबू जायसवाल, मन्नूराम नायक, सुनील जैन, रूखमणी आल्हा, राजेंद्र राठी, शेखर रेड्डी तथा डौण्डी समिति के पुरुषोत्तम लाल सोनवानी, रोशन साहू, अंकित तिवारी, जीवन धनकर, सावित्री नायक, शिवम दुबे, नरेश तन्ना, प्रेम शुक्ला, पुष्पा सोनी, रामनारायण धनकर, ईश्वर चक्रधारी, शिवराम रणघाटी, श्यामलाल सोनी के साथ पियूष सोनी तथा विजय देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता एवं ओंकार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मां सरस्वती की वन्दना एवं अतिथि सत्कार के बाद मुख्य अतिथि सुमित जैन ने कहा कि मेरे स्व. दादा जी द्वारा यहां भूमि और भवन दान में दिया गया है।

यह हमारे ग्राम के लिए गौरव का विषय है, जिसमें पुनः विद्यालय प्रारम्भ किया जा रहा है। उन्होंने आगामी दो वर्ष तक अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का शुल्क स्वयं वहन करने की घोषणा की। साथ ही कहा कि जो भी आवश्यकता होगी, उसे पूरा करूंगा। विशेष अतिथि नगर पंचायत डौंडी के अध्यक्ष सोमेश सोरी ने 25 नग फर्नीचर देने की घोषणा की। विशेष अतिथि रामबाबू जायसवालने 51000 रूपए विद्यालय को सहयोग देने की घोषणा की।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू विद्या भारती की विशेषताओं को बताते हुए बालक/बालिकाओं का सर्वांगीण विकास कैसे किया जाता है, उसे आधार भूत विषय के आधार पर पंच कोषात्म विकास को बताया। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दुर्ग विभाग के विभाग समन्वयक दीपक सोनी, जिला समन्वयक दीपक हिरवानी, एवं पूषण भूआर्य, दल्लीराजहरा विद्यालय के समिति से अशोक टाटिया, कन्हैया लाल कुकरेजा, महेंद्र भाई पटेल, प्राचार्य भूपेंद्र तिवारी एवं विद्यालय के आचार्य/दीदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।